# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

(वेबसाईट: www.rajuvas.org)

क्रमांक एफ ( )/सीवीएएस/ए.एच.डी.पी./प्रवेश/2024–25/119 दिनांकः–22.5.2024

## दो वर्षीय पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम सत्र 2024–25 हेतु प्रवेश सूचना

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के संघटक तथा सम्बद्ध राजकीय एवं निजी पशुपालन डिप्लोमा संस्थानों में **सत्र 2024–25** हेतु दो वर्षीय पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में **प्रवेश के लिए दिनांक 23.05.2024 प्रातः 11.00 बजे से ऑनलाईन आवेदन फार्म आमंत्रित किए जाते है।** आवेदन हेतु पात्रता/योग्यता की प्रमुख शर्तें निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| आवेदन फार्म की उपलब्धता | आवेदन फार्म व निर्देश पुस्तिका वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध है। आवेदन फार्म केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें। किसी अन्य तरीके से आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। |
| शैक्षणिक योग्यता | विधि द्वारा स्थापित वैधानिक एवं मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान या कृषि संकाय विषय (with Biology/Agri.Biology/Agri. Zoology & Agri. Botany/Zoology & Botany as one of the optional subjects) के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रवेश इसी परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर होगा। वैधानिक बोर्ड की सूची एवं सीनियर सैकण्डरी परीक्षा की समकक्षता निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है। (1) भारतीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड मण्डल (www.cobse.org) (2) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर। अन्य किसी अवैधानिक, स्वंय या किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह या किसी ट्रस्ट या अन्य किसी भी आधार पर स्थापित बोर्ड मान्य नहीं होगें। |
| आयु | अभ्यर्थी की आयु 31 दिसम्बर 2024 को न्यूनतम 17 वर्ष अथवा अधिक होनी चाहिये। (सेकेण्डरी परीक्षा की अंकतालिका/प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि को ही इस उद्देश्य के लिए प्रामाणिक माना जायेगा) |
| संस्थानों की संख्या | **वर्तमान में विश्वविद्यालय के संघटक व सम्बद्धता प्राप्त सरकारी तथा निजी कुल 100 संस्थानों में प्रवेश दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के आदेशो की अनुपालना में टांटिया विश्वविद्यालय श्री गंगानगर के संघटक संस्थान श्री गंगानगर इन्स्टीट्यूट ऑफ वेटेरीनरी साइन्स तथा एपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर से संबंद्ध एपेक्स इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड साईन्स, जयपुर को भी विश्वविद्यालय की शर्तो को पूरा करने पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित काउंसलिंग सत्र 2024–25 के छात्र आंवटित किए जाएगे।**<br>• राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य है। प्रबंधन सीटों के लिए भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।<br>• विश्वविद्यालय से संबंद्ध 4 राजकीय पशुपालन संस्थानों में प्रत्येक संस्थान में 5 सीट पशुधन परिचर के पद पर कार्यरत विभागीय कर्मियों हेतु आरक्षित है।<br>• विश्वविद्यालय द्वारा संबंद्धता प्राप्त निजी संस्थानों में **प्रबंधन कोटे की 15% सीट** पर प्रवेश संबंधित संस्थान द्वारा दिया जाएगा। जिसके लिए संस्थान द्वारा पृथक आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। |
| आरक्षण | अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु आरक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुयार प्रदेय होगा |
| अध्ययन का माध्यम | यह पाठयक्रम हिन्दी अथवा अंग्रेजी माध्यम में संचालित होगा। इसका निर्णय संस्थान द्वारा किया जा सकेगा। |
| शिक्षण शुल्क | पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम सत्र 2024–25 हेतु निर्धारित शिक्षण शुल्क संरचना वर्ष 2023–24 की भांति पूर्ववत रहेगी। वार्षिक शिक्षण शुल्क एक किश्त में देय होगा। |
| चयन प्रक्रिया | अभ्यार्थियों का समय, अनावश्यक व्यय व असुविधा से बचाने के लिए संस्थान प्रवेश/आवंटन के लिए बीकानेर में कोई व्यक्तिगत परामर्श (काउंसलिंग) की व्यवस्था नहीं है। संस्थान का आवंटन छात्र द्वारा आवेदन फार्म में दी गई संस्थान चयन वरीयता, राज्य स्तरीय मेरिट एवं आरक्षण प्रावधानों के आधार पर कम्प्यूटर कार्यक्रम का प्रयोग करते हुए किया जाएगा। |
| आवेदन शुल्क | ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की सभी आवेदक श्रेणीयों का शुल्क 1500 रूपये (एक हजार पांच सौ रूपये) है। आवेदक द्वारा क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान करने की समस्त जानकारी आप "महत्वपूर्ण निर्दे ाका" में दी गई है। अभ्यर्थी अपने या अपने परिवारजन के खाते से ही आवेदन शुल्क भरें। |
| अन्य जानकारी | पाठ्यक्रम सबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु राजुवास हेल्प लाइन नम्बर 18001806224 पर सम्पर्क किया जा सकता है। |
| आवेदन फार्म | आवेदक को पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर हस्ताक्षरित आवेदन पत्र व समस्त योग्यता व अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा एक सेट सत्यापित छायाप्रति कॉलेज आवंटन के बाद सम्बन्धित कॉलेज में रिर्पोटिंग के समय सत्यापन हेतु जमा करवाने आवश्यक होगें। |
| अंतिम दिनांक | ऑनलाईन आवेदन भरने की **अंतिम दिनांक 15.06.2024 सांय 05.00 बजे तक** है। |
| आवेदन प्रकिया | **आवेदन प्रकिया को पढने के बाद ही आवेदन पत्र भरें, अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अतिम दिंनाक तक सुधार/परिवर्तन कर सकता है। अतिंम दिंनाक के पश्चात् आवेदन पत्र में सुधार नहीं किया जा सकेगा तथा आवेदन पत्र दोबारा नही भरा जा सकेगा।** |

महत्वपूर्ण नोटः– **(अ)** आवेदन फार्म को सावधानीपूर्वक भरें तथा आवेदन पत्र में अपने पसन्द के संस्थान के आगे दिए गए कॉलम में चयन वरीयता भरे। उदाहरणार्थः यदि अभ्यर्थी राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, जामडोली, जयपुर को पहली वरीयता चयन करता है तो उक्त संस्थान के सामने के कॉलम में 1 लिखें। इसी प्रकार अभ्यर्थी द्वारा अन्य संस्थानों के सामने चयन वरीयता क्रम 1 से 102 तक भरा जा सकता है। **(ब)** अभ्यर्थी जितनी भी चाहे अपनी संस्थान चयन वरीयता भर सकता है **(स)** त्रुटिपूर्वक, अधूरे भरे, वांछित फीस के बिना अथवा अंतिम दिनांक 15.06.2024 के पश्चात आवेदन फार्म स्वीकार नही किया जायेगा। **(द)** आवेदन में गलत सूचना देने पर आवेदन/प्रवेश निरस्त होने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

22/5/24

चेयरमेन एडमीशन बोर्ड, (ए.एच.डी.पी.)